भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2996

दिनांक 18 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

.....

पश्चिम कोसी नहर ईआरएम परियोजना

2996. श्री कौशलेन्द्र कुमार:

श्री गिरिधारी यादव:

श्री दिनेश चंद्र यादव:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2025-26 के बजट में क्रम संख्या 69 पर घोषित पश्चिमी कोसी नहर ईआरएम परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है जो बिहार के मिथिला क्षेत्र में पचास हजार हेक्टेयर में अधिक भूमि पर कृषि करने वाले किसानों को लाभ पहुंचाने हेतु प्रस्तावित है, और

(ख) उक्त परियोजना हेतु सहायता के रूप में जारी की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री

(श्री राज भूषण चौधरी)

(क) और (ख): पश्चिम कोसी नहर परियोजना के विस्तार, नवीकरण और आधुनिकीकरण का मूल्यांकन वैधानिक स्वीकृतियों और राज्य वित्त मंत्रालय की सहमति के अध्यधीन जून 2025 के मूल्य स्तर पर 8338.89 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से 8 जुलाई 2025 को आयोजित अपनी 159वीं बैठक में जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग की सलाहकार समिति द्वारा किया गया।

इस मंत्रालय में चल रही योजनाओं के अंतर्गत किसी परियोजना को वित्तपोषण हेतु शामिल करने की प्रक्रिया वैधानिक स्वीकृतियों के बाद ही शुरू की जाती है, इसलिए इस परियोजना को अभी तक कोई केंद्रीय सहायता प्रदान नहीं की गई है।

*****